फर्द अहकाम
(नियम 26)
अज अदालत संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, बीकानेर

1. चेतनराम पुत्र दुर्गाराम जाति मेघवंशी निवासी झाड़ेली तहसील नोखा जिला बीकानेर। (मृत्तक)
   1/1 फेफा पत्नि स्व. चेतनराम जाति मेघवाल निवासी झाड़ेली तहसील नोखा जिला बीकानेर।
   1/2 डालूराम पुत्र स्व. चेतनराम मेघवाल निवासी झाड़ेली तहसील नोखा जिला बीकानेर।

अपीलांट्स

बनाम

1. स्टेट ऑफ राजस्थान द्वारा तहसीलदार नोखा।
2. पदमाराम
3. नेनू
4. सुशीला

} पिसरान स्व.मांगीलाल जाति मेघवाल निवासी सोनियासर मीठीया तहसील श्रीडूंगरगढ़ जिला बीकानेर।

5. तोलाराम
6. पूर्णाराम

} पुत्रगण रेखाराम जाति मेघवाल निवासी सोनियासर मीठीया तहसील श्रीडूंगरगढ़।

रेस्पोडेन्ट्स

अपील संख्या–55/2019 एल.आर.एक्ट

GCMS No. 2019/00153

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	न0 व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
31.07.2024	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलांट श्री मेघाराम गोदारा उपस्थित। यह अपील राज. भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा–75 के अंतर्गत तहसीलदार नोखा के इंतकाल संख्या 828 दिनांक 10.01.2012 के विरूद्ध इस न्यायालय में बहस हेतु विचाराधीन है। अभिभाषक अपीलांट की बहस सुनी गई। यह अपील तहसीलदार नोखा द्वारा दर्ज इंतकाल संख्या 828 दिनांक 10.01.2012 के विरूद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत हुई। उक्त विवादित इंतकाल तहसीलदार पूगल द्वारा उपखण्ड अधिकारी नोखा के आदेश दिनांक 02.01.2012 की पालना में स्वीकृत किया है, जो राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम की धारा 135(2) के अंतर्गत कन्टेस्टेड प्रकरण की श्रेणी में नहीं है। अतः अपील अपीलांट इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार/श्रवणाधिकार में नहीं होने के कारण इसी स्तर पर खारिज की जाती है। अपील अपीलान्ट निर्णित शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय की प्रति अपील पत्रावली में शामिल की जाकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावे। निर्णय दिनांक 31.07.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। 31/7/24 (वन्दना सिंघवी) संभागीय आयुक्त, बीकानेर	